भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2079
10 दिसंबर, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

विश्व संधिशोथ दिवस

2079. श्री सी.एन. अन्नादुरई:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:
डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री धनुष एम. कुमार:
श्री गौतम सिगामणि पोन:
डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
श्री गजानन कीर्तिकर:
क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल में विश्व संधिशोथ (ऑर्थराइटिस) दिवस मनाया तथा यदि हां तो, इस अवसर पर सरकार द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रमों/समारोहों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकारी अस्पतालों में संधिशोथ का उपचार करने वाले योग्य चिकित्सकों की कमी है तथा यदि हां, तो इस संबंध में क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकार संधिशोथ मरीजों की बेहतरी हेतु कोई कार्यक्रम चला रही है तथा इस बीमारी के प्रति चेतना अभियान भी चलाया तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार संधिशोथ को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में शामिल करने का है तथा इसके उपचार में शामिल बड़े खर्च को देखते हुए जरूरतमंद मरीजों को वित्तीय सहायता देने का भी विचार है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) संधिशोथ तथा अन्य हड्डी संबंधित रोगों के संवहनीय उपचार, रूमेटाइड ऑर्थराइटिस हेतु नैदानिक तथा उपचार तकनीक के विकास तथा देश में अस्थिरोग चिकित्सकों के नियमित प्रशिक्षण हेतु सरकार द्वारा अन्य क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क): आयुष्मान भारत एवं स्वास्थ्य आरोग्य केन्द्र योजना के माध्यम से आरोग्य क्रियाकलापों को बढ़ावा देकर तथा समुदाय स्तर पर सम्प्रेषण को लक्षित कर व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के तहत कैंसर के निवारक पहलु को सुदृढ़ बनाया जा रहा है। एनसीडी के बारे में जन जागरूकता में वृद्धि करने तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए की जा रही अन्य पहलों में शारीरिक कार्यकलापों और योगा को बढ़ावा देना तथा निरंतर समुदायिक जागरूकता हेतु प्रिंट, इलैक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया का उपयोग शामिल है। युवा एवं खेल

मंत्रालय द्वारा फिट इंडिया अभियान को कार्यान्वित किया जा रहा है तथा आयुष मंत्रालय द्वारा योग संबंधी विभिन्न क्रियाकलाप किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा नियमित रूप से विभिन्न स्वास्थ्य दिवसों का आयोजन किया गया है।

(ख) से (ङ): स्वास्थ्य और सार्वजनिक अस्पताल राज्य का विषय है। हालांकि केंद्र सरकार, राज्य सरकार के प्रयासों में सहायता करती है। ऑर्थराइटिस का प्रबंधन इसके प्रकारों पर निर्भर करते हुए आर्थोपीडिशीयन, जनरल फिजिशियन, रयूमेटोलॉजिस्ट, आदि द्वारा किया जाता है।

ऑर्थराइटिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए कोई विशिष्ट कार्यक्रम नहीं है। हालांकि, राष्ट्रीय वयस्क स्वास्थ्य परिचर्या कार्यक्रम (एनपीसीएचई) वयस्कों में ऑर्थराइटिस के मुद्दों का निपटान करता है। स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं के विभिन्न स्तरों पर ऑर्थराइटिस की पहचान और उपचार किया जाता है। सरकारी अस्पतालों में गरीब और जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क अथवा अत्यधिक छूट पर उपचार किया जाता है।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत नए एम्स और अनेक उन्नत किए गए संस्थानों के मामले में इसके विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान भी दिया गया है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत सामाजिक आर्थिक और जातिगत जनगणना 2011 (एसईसीसी-2011) के डाटाबेस से चिह्नित किए गए 10.74 करोड़ लाभार्थियों को मध्यम या विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या अस्पताल भर्ती सेवा के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा कवर प्रदान किया जाता है। एबीपीएमजेएवाई के अंतर्गत एनसीडी हेतु 26 विभिन्न विशेषज्ञताओं के तहत कुल 1,669 उपचार प्रक्रियाओं के अनुरूप उपचार प्रदान किया जाता है। एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत उपचार पैकेज काफी व्यापक है जिसमें औषधियों और नैदानिक सेवाओं सहित उपचार संबंधी विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है। इसके अलावा, राज्य सरकारों के साथ सहयोग से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के अंतर्गत सभी को गुणवत्तापरक जेनरिक दवाएं वहनीय कीमतों पर उपलब्ध कराई जाती हैं। कुछ अस्पतालों/संस्थाओं में उपचार हेतु वहनीय दवाएं एवं विश्वसनीय उपकरण (एएमआरआईटी) फार्मेसी भंडारों की स्थापना की गई है जिनका उद्देश्य अधिकतम खुदरा मूल्यों की तुलना में काफी कम कीमतों पर औषधियां उपलब्ध कराना है। केंद्रीय सरकारी अस्पतालों में सभी आर्थोपेडिक डॉक्टरों को रयूमेटोएड ऑर्थराइटिस प्रबंधन हेतु नियमित रूप से प्रशिक्षित किया जाता है।

******